हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

11 अवैध कॉलोनी का फैलता जाल कार्रवाई के बावजूद...



12 नई कृषि व बीज नीति के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला जलाया



## खबर संक्षेप

### किस्तों की सेटिंग करवाने के नाम पर 20 हजार ठगे

**रतिया।** शहर के एक युवक से फाइनेंस किस्तों की सेटिंग करवाने के नाम पर हजारों की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में रतिया पुलिस ने वार्ड नंबर 2 निवासी सोनू की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 2 निवासी सोनू ने बताया कि उसने एक हीरो स्प्लेंडर बाइक फाइनेंस पर ली हुई थी। उसकी 70 हजार रुपए की किस्त बकाया थी। 11 दिसंबर को मेरे पास एक कॉल आई जिसमें उसे लालच दिया गया।

### दुर्गा महिला महाविद्यालय समिति की बैठक 25 को

**टोहाना।** दुर्गा महिला महाविद्यालय समिति की सामान्य हाउस बैठक 25 जनवरी को महाविद्यालय प्रांगण में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए समिति प्रधान अजय जैन ने बताया कि समिति के आगामी चुनाव करवाने, नए वोटर/आजीवन सदस्य बनाने बारे व समिति द्वारा संचालित स्कूल व कालेज का लेखा-जोखा तथा अन्य गतिविधियां प्रस्तुत करने के लिए जनरल हाउस की इस बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### मोबाइल दुकान से चोरी का खुलासा, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गांव चिम्मो स्थित एक मोबाइल दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान असरफ उर्फ कालू पुत्र याकूब निवासी चंपा बाग, इंदौर, मध्य प्रदेश के रूप में हुई। थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि 14 अगस्त 2025 को गांव चिम्मो निवासी एक दुकानदार द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि उसकी मोबाइल दुकान का शटर व शीशे तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### 18.95 लाख की ठगी के मामले में आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन शेयर मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अंकित कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी गांव बहल, तहसील लोहारू, जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ अज्जु पुत्र राजकुमार निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सीआईए टोहाना की टीम गश्त व अपराध रोकथाम के दौरान टोहाना-रतिया रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### पूर्व मंत्री नेहरा की पुण्यतिथि पर जांच शिविर 18 को

**सिरसा।** पूर्व सिंचाई मंत्री जगदीश नेहरा की तृतीय पुण्यतिथि पर 18 जनवरी को श्री बाला जी चेरिटेबल ट्रस्ट नेहरा फार्म हाउस गांव भागसर और बाबा बिहारी नेत्रालय जनता भवन रोड सिरसा की ओर से ओर से निःशुल्क आंखों की जांच और आपरेशन शिविर का आयोजन नेहरा फार्म हाऊस गांव भागसर हनुमान मंदिर में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संदीप नेहरा ने बताया कि यह शिविर 18 जनवरी को सुबह10 बजे से दोपाहर बाद 03 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## उपायुक्त को आई मेल, जुम्मे के दिन हमले की दी चेतावनी

# फतेहाबाद के लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

*सूचना मिलते ही बम स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के लघु सचिवालय को शुक्रवार को एक बार मिली बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसको लेकर फतेहाबाद के उपायुक्त को एक ईमेल मिला, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हिंदी मे भेजी गई मेल में लिखा है कि जुम्मे के दिन लघु सचिवालय को बम से उड़ाएंगे। यदि बच गए तो आत्मघाती हमला करेंगे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी लघु सचिवालय पहुंच गई। सुरक्षा को देखते हुए लघुसचिवालय को सील कर दिया गया है और कर्मचारियों व आम लोगों की एंट्री पर भी रोक लगा दी गई है। लघुसचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। प्रशासन द्वारा हिसार से बम स्कवायड टीम को बुलाया गया है। सूचना के बाद बम स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। इससे पहले भी इससे पहले भी फतेहाबाद लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। 21 मई 2025 को भी इसी प्रकार फतेहाबाद की डीसी की मेल आईडी पर लघु सचिवालय को बम से उड़ने की धमकी मिली थी।

**एसपी ने कहा- घबराने की जरूरत नहीं**



फतेहाबाद। बम की धमकी के बाद बाहर निकले कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। लघु सचिवालय में तैनात पुलिस बल। फोटो: हरिभूमि

### आम लोगों की एंट्री पर लगाई रोक

बता दें कि फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ.विवेक भारती इन दिनों ट्रेनिंग पर गए हुए हैं। उनकी अनुपस्थिति में एडीसी अनुराग ढालिया कार्यवाहक डीसी का कार्य देख रहे हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह 7:55 बजे फतेहाबाद के डीसी की मेल पर लघु सचिवालय को बम से उड़ाने का मेल आया। उस समय लघु सचिवालय में कर्मचारियों की हाजिरी कम थी। सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इस बारे पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लघु सचिवालय को सील कर दिया और कर्मचारियों व आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी। इसके अलावा लघु सचिवालय के सभी कर्मचारियों को भी बाहर निकाला गया। बम की धमकी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हिसार से बम स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया है। लघु सचिवालय में कोने-कोने की तलाशी ली गई है, जिसमें कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### आऊटलुक ईमेल आईडी से भेजी गई थी मेल, नहीं मिला कुछ संदिग्ध

एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि मेल आऊटलुक ईमेल आईडी से भेजी गई है। मेल के कंटेंट्स हरियाणा से रिलेटिड नहीं है। इससे पहले भी मई 2025 में ऐसी मेल आई थी। पहले भी मेल में जांच की गई तो पाया कि वीपीएन का इस्तेमाल करके ऐसी मेल भेजी जाती है। वीपीएन में रियल आईपी मास्क हो जाता है और लोकेशन दूसरी कंट्री की आती है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वीपीएन सर्विस प्रोवाइडर हमारे देश के नहीं होते, जिस कारण असली व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाती। अब आई मेल की जांच को लेकर आउटलुक को मेल करके मेल आईडी बारे जानकारी मांगी गई है। एसपी ने बताया कि मेल में तमिलनाडू के बारे में बात लिखी गई थी, उसका यहां से कोई रिलेशन नहीं था। हो सकता है कि यह कोई बल्क मेल हो। सभी चैकिंग की जा चुकी है। कुछ भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।



रतिया। गांव कमाना में रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को राशन कार्ड की प्रति सौपते हुए कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया। फोटो: हरिभूमि

## कमाना में रात्रि प्रवास, डीसी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

- कुल 44 समस्याएं सामने रखीं अधिकतर का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

उपमंडल के गांव कमाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं तथा अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान कुल 44 समस्याएं सामने रखी गईं, जिनमें से अधिकतर का समाधान संबंधित विभागों द्वारा तुरंत कर दिया गया। कार्यवाहक उपायुक्त ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई प्रमुख मांगों पर सहमति जताते हुए गांव कमाना में जोहड़ व पार्क के सौंदर्यकरण, खेल स्टेडियम का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने तथा सरकारी स्कूल के खाली मैदान में आईएलबीपी स्थापित करवाने संबंधी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

### आभार जताया

रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तत्परता देखने को मिली। गांव कमाना निवासी कांतों देवी पत्नी सुखदेव तथा जसबीर सिंह पुत्र इंद्र सिंह के राशन कार्ड मौके पर ही बनाकर प्रदान किए गए। समस्या का तुरंत समाधान होने पर दोनों नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विभाग की कार्यशैली की सराहना करते हुए जिला प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से फूल मालाओं एवं शॉल भेंट कर कार्यवाहक उपायुक्त व अन्य अधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एएसपी दिव्यांशी सिंगला, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनुप कुमार, बीडीपीओ हनीश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शशि प्रकाश, थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग, सरपंच स्वर्णजीत कौर सहित पुरुषोत्तम सिंह, अरविन्द सिहाग, दिनेश भारती, सुनील कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव पंजुआना से शेखूपुरिया रोड पर एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल दिया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बडागुढ़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करना शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव पंजुआना निवासी दलीप कुमार ने बताया कि उसका बेटा हिमेश रानियां में अपनी दुकान से वापस घर आ रहा था। इसी दौरान शेखूपुरिया रोड पर ट्रक ने उसे मोटरसाइकिल सहित कुचल दिया। सूचना के बाद परिजन हिमेश को सिरसा में अस्पताल में ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना पाकर बडागुढ़ा पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसआई मदनलाल ने बताया कि बडागुढा पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की**

## चूरापोस्त तस्करी मामले में वांछित तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने 146 किलो डोडापोस्त तस्करी के मामले में वांछित मुख्य तस्कर को जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान कान्हा राम उर्फ कान्हा पुत्र रामा राम निवासी मेलवा धावा जिला जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है। चौटाला चौकी पुलिस प्रभारी सतपाल ने बताया कि सीआईए स्टाफ डबवाली को विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक और एक कार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त चौटाला-डबवाली से होते हुए पंजाब में सप्लाई किया जाएगा। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने गांव अबूबशहर में बिजलीघर के सामने चौटाला रोड़ पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक व एक कार को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली। कार चालक आरोपी सुखपाल उर्फ सुखा पुत्र बलविंदर सिंह निवासी कराड़वाला जिला बठिंडा पंजाब के कब्जे से 3 प्लास्टिक कट्टों में 66 किलो डोडापोस्त बरामद हुआ।

**आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया**

### पुछताछ की जाएगी

आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एएसआई बेअंत सिंह ने टीम के साथ इस मामले के वांछित आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ काला पुत्र मिठू सिंह निवासी देसूजोधा को गांव अमरपुरा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुरप्रीत सिंह इस चूरापोस्त तस्करी में उक्त दोनों आरोपियों सुखपाल उर्फ सुखा व जसकरण उर्फ जस्सा का साझेदार था। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया और पूछताछ के बाद आरोपी को बंद जेल करवाया गया। इस मामले के मुख्य तस्कर आरोपी कान्हा राम को जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। जो उक्त तीनों आरोपियों को यह डोडा पोस्त आरोपी कान्हा राम ने ही बेचा था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

### बुजुर्ग महिला की काटी पेंशन, दर-दर भटक रहा परिवार

**सिरसा।** कालांवाली में एक 92 वर्षीय बुजुर्ग महिला दर्शना देवी की वृद्धावस्था पेंशन आधार कार्ड में गलत जन्मतिथि दर्ज होने के कारण रोक दी गई है। उनकी वास्तविक आयु 92 वर्ष है, जबकि आधार कार्ड में उनकी जन्मतिथि 1973 दर्ज है, जिससे उनकी उम्र काफी कम दिख रही है। पेंशन विभाग ने फैमिली आईडी और आधार कार्ड में कम आयु दर्ज होने का हवाला देते हुए दो महीने से पेंशन रोक दी है। जब सरकार स्वयं आधार कार्ड को जन्मतिथि का प्रमाण नहीं मानती और न ही आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर पेंशन शुरू करती है। दर्शना देवी के पोते हरीश कुमार ने बताया कि उनकी दादी कई वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन ले रही थी। 1994 में उनके पहचान पत्र में उनकी आयु 61 वर्ष दर्ज थी, जिसके आधार पर उनकी पेंशन शुरू हुई थी। इस गणना के अनुसार, उनकी वर्तमान आयु लगभग 92 वर्ष बनती है। बाद में जब लोगों के आधार कार्ड बने, तो उसमें गलती से उनकी जन्मतिथि 1973 दर्ज हो गई।

*दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाया काबू*

## टोहाना में मकान में लगी आग से मचा हड़कंप, लाखों का नुकसान

- कर्मचारियों ने एक बड़े हादसे को टालते हुए गैस सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के वार्ड 12 स्थित एक मकान में गुरूवार देर रात को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। दमकल कर्मचारियों ने एक बड़े हादसे को टालते हुए गैस सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाला। यह घटना टोहाना के शीतला माता मंदिर रोड पर स्थित एक मकान में हुई। आग लगने का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से घर में रखा बेड, कपड़े, फ्रिज, सोफा और कूलर सहित करीब चार से पांच लाख रुपए का सामान राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर नियंत्रण पाया। दमकल कर्मियों ने आग की चपेट में आए कमरे से एक गैस सिलेंडर को समय रहते बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा विस्फोट टल गया।



टोहाना। मकान में लगी आग। फोटो: हरिभूमि

### नुकसान की भरपाई की मांग

मकान मालिक अमीन सिंह ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर हैं, जब उन्हें आग लगने की सूचना मिली, तब वह बाजार गया हुआ था। उसकी पत्नी ने बताया कि वह टिफिन सर्विस के लिए खाना बनाने गई थी। दम्पति यहां अपने दो बच्चों के साथ एक ही कमरे में रहता था, जहां आग लगी। उनके सास-ससुर नीचे के कमरे में रहते हैं। आगजनी की सूचना के बाद वार्ड तीन के पार्षद धर्मपाल ने भी घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, पिता बीमार रहते हैं और पत्नी साफ-सफाई का काम करके गुजारा करती है। पार्षद ने सरकार से पीड़ित परिवार को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है ताकि वे अपना जीवन यापन कर सकें।

## समापन के दिन 27 जनवरी को भी सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग

# साल के पहले गुप्त नवरात्र 19 जनवरी से, सर्वार्थसिद्धि योग से होगी शुरुआत

*नौ दिनों में किए मांगलिक कार्य फलदायी रहेंगे*

- शहर के मंदिरों में पूजा कार्यक्रम गुप्त नवरात्रों में होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नए साल के चार नवरात्र में से पहले गुप्त नवरात्र 19 जनवरी से शुरू होंगे। इस गुप्त नवरात्र की शुरुआत जहां सर्वार्थसिद्धि योग के महासंयोग में होगी तो समापन के दिन 27 जनवरी को भी सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग रहेगा। खास बात यह है कि इन नौ दिनों में शुभ और मांगलिक कार्य हो सकेंगे, जो शुक्र अस्त होने के कारण नहीं हो पा रहे हैं। इन नौ दिनों में किए मांगलिक कार्य फलदायी भी रहेंगे। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इन नौ दिन में 10 महाविद्याओं मां काली, तारा, त्रिपुर बर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की गुप्त रूप से पूजा की जाएगी। शहर के मंदिरों में पूजा कार्यक्रम गुप्त नवरात्रों में होंगे। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग की गणना के अनुसार प्रतिपदा तिथि पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और मकर राशि के चंद्रमा की साक्षी में गुप्त नवरात्र शुरू होंगे। मध्याह्न काल में शुभ अभिजीत के समय सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग प्रत्येक शुभ कार्य को सफल करने वाला है।

### गुप्त नवरात्रि में होती है दस महाविद्याओं की पूजा



पंडित सोनू शर्मा के अनुसार प्रकट नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है, जबकि गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की विशेष पूजा होती है। प्रकट नवरात्रि सांसारिक सुखों और इच्छाओं की पूर्ति के लिए मानी जाती है, वहीं गुप्त नवरात्रि मनोकामना सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रकट नवरात्रि वैष्णव परंपरा से और गुप्त नवरात्रि शैव एवं शाक्त परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। प्रकट नवरात्रि की देवी मां पार्वती और गुप्त नवरात्रि की अधिष्ठात्री देवी मां काली मानी जाती हैं। गुप्त नवरात्रि का समापन दसवें दिन दशमी तिथि को होता है, जिसे नवरात्रि पारणा के रूप में मनाया जाता है।

### किस दिन कौन-सा महायोग

- 19 जनवरी: कुमार योग, सर्वार्थ सिद्धि
- 20 जनवरी: द्विपुष्कर योग, राजयोग
- 21 जनवरी: राजयोग, रवि योग
- 22 जनवरी: रवि योग
- 23 जनवरी: कुमार योग, रवि योग
- 24 जनवरी: रवि योग
- 25 जनवरी: रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि
- 27 जनवरी: सर्वार्थ सिद्धि योग।

### मनोकामना एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए पूजा

प्रत्यक्ष नवरात्रि में दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है। गुप्त नवरात्र में 10 महाविद्या की विशेष पूजा करते हैं। प्रत्यक्ष नवरात्र सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए मनाए जाते हैं। वहीं, गुप्त नवरात्र में मनोकामनाओं की पूर्ति और मोक्ष प्राप्ति के लिए पूजा की जाती है। प्रत्यक्ष नवरात्र वैष्णवों के और गुप्त नवरात्र शेव और शाक्त मनाते हैं। प्रत्यक्ष नवरात्र की देवी मां पार्वती को माना जाता है और गुप्त नवरात्र की देवी मां काली हैं।

### कब होगा गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार प्रतिपदा तिथि को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और मकर राशि में चंद्रमा की उपस्थिति में गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होगा। मध्याह्न काल में अभिजीत मुहूर्त के दौरान सर्वार्थसिद्धियोग का विशेष संयोग रहेगा। इस योग को सभी शुभ और मांगलिक कार्यों को सफल बनाने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस योग में की गई साधना और आराधना शीघ्र फलदायी होती है।

## चाहरवाला स्कूल के 100 वर्ष पूरे होने पर कल होगा पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौपटा

क्षेत्र के गांव चाहरवाला में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सौ वर्ष पूर्व होने पर 18 जनवरी को शताब्दी छात्र मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्कूल में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। स्कूल को रंग रोगन करने के साथ पूरे तरीके से सजाया गया है। इस समारोह के अंदर मुख्यातिथि टीसीआई टॉसपोर्ट के प्रबंधक धर्मपाल अग्रवाल व जिला उपायुक्त शांतुन शर्मा, एसपी दीपक सहारन में होंगे। इस समारोह में पूर्व छात्र रहे चीफ, कर्नल, तहसीलदार, प्राचार्य समेत अन्य पदों पर पहुंचने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। अध्यापक रविंद्र कुमार ख्यालिया व ग्रामीण मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूल में पूर्व छात्र को निमंत्रण दिया गया है। वहीं जो छात्र रहे हैं, उनके परिजनों को भी बुलाया गया।

**स्कूल को रंग रोगन करने के साथ पूरे तरीके से सजाया**

### 1926 से चल रहा स्कूल

गांव चाहरवाला में स्कूल की नींव लाला हरदेव शाह, ठाकुर भार्गव दास द्वारा रखी गई थी। वर्ष 1926 में प्राथमिक स्कूल में स्कूल में हाजरी लगने लगी। इसके बाद छात्रों की संख्या भी धीरे धीरे बढने लगी। स्कूल को वर्ष 1934 में मिडल स्कूल के तौर पर अपग्रेड कर दिया गया। । स्कूल को वर्ष 1952 में हाई स्कूल व इसके बाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा मिला। चौपटा क्षेत्र में स्कूलों की संख्ख्या नाममात्र थी। इस पर स्कूल में चौपटा क्षेत्र के 14 गांवों के बच्चे स्कूल में पढने आते थे। इस स्कूल में गांव चाहरवाला, जोगीवाला, रामपुरा बगडिया, कागदाना, कुम्हारियां, जसनियां, गिगोरानी, शाहपुरियां, दैयड़, जंडवाला बागड़, रूपाना गंजा, रूपाना बिश्नोईयां, शक्करमंदोरी, तरकांवाली के बच्चे पढ़ने आते थे।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

लाइफ Style



# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतार: फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम



खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।

## तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

## मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।



## 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

## भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

## गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

## तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

## सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

## शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



## 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

## 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

## हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### बाल विकास विभाग की योजनाओं पर चर्चा

**फतेहाबाद।** कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, समन्वय तथा आगामी समीक्षा बैठक से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच तथा जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यवाहक उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी काबू

**डबवाली।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र सुखमंदर सिंह निवासी रामुवाला, जैत्तों जिला फरीदकोट पंजाब के रूप में हुई है। डबवाली महिला थाना प्रभारी कमला देवी ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दी कि आरोपी द्वारा उसके साथ शादी का झांसा देकर जनवरी 2024 से नवंबर 2025 तक शारीरिक संबंध बनाए, मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। जो आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई गई। साक्ष्यों के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

### कुलदीप कौर ने संभाला बीईओ का कार्यभार

**सिरसा।** कुलदीप कौर ने बडागुढ़ा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। कार्यभार संभालने के बाद कुलदीप कौर ने कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र के स्कूलों का समय-समय पर निरीक्षण करेगी, उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। इसके लिए वे स्कूल स्टाफ, बच्चों, स्कूल प्रबंधन समिति और ग्राम पंचायत के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलकर समस्याओं को समझेंगी और समाधान का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर कार्यालय स्टाफ ने कुलदीप कौर का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

### राजेंद्रा इंस्टिट्यूट के छात्रों ने लहराया परचम

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक द्वारा एमपीएचडब्ल्यू फाइनल वर्ष के परीक्षा परिणामों में हर बार की तरह राजेंद्रा इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में टॉप स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता व सचिव पुलकित गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि राजेंद्रा इंस्टिट्यूट के छात्र हरप्रीत सिंह ने ने 600 अंकों में से 437 अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार नवदीप ने 600 में से 435 अंक के साथ दूसरा व जसनदीप सिंह ने 600 में से 430 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

## आरोप : जमीनी स्तर पर अवैध कॉलोनी को विकसित होने से रोका नहीं जा सका

# भूना में अवैध कॉलोनी का फैलता जाल कार्रवाई के बावजूद बेखौफ कॉलोनाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना




भूना। टोहाना रोड पर अवैध कॉलोनी में बनाई गई मिट्टी की सड़क व पार्क आदि। फोटो : हरिभूमि

शहर के टोहाना रोड क्षेत्र में एक अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है, जहां कॉलोनाइजर लोगों को प्लॉट बेचने के लिए गुमराह करने में जुटे हुए हैं। कॉलोनी में न तो किसी प्रकार की वैध मंजूरी है और न ही बुनियादी सुविधाओं की अनुमति, इसके बावजूद मिट्टी की सडक़ बनाकर और पार्क का झांसा देकर लोगों को प्लॉट खरीदने के लिए आकर्षित किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिला नगर योजनाकार विभाग की कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर अपने इरादों में लगातार सफल होते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग की ओर से समय-समय पर निरीक्षण और कार्रवाई की बातें तो की जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अवैध कॉलोनी को विकसित होने से रोका नहीं जा सका। कॉलोनाइजर पहले कच्ची सड़कों का निर्माण करते हैं, फिर प्लॉट बेचने का काम शुरू कर देते हैं। इसके बाद धीरे-धीरे दीवारें, चबूतरे और अस्थायी निर्माण कर कॉलोनी को वैध स्वरूप देने का प्रयास किया जाता है।

### अपील : प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें

*हालांकि कुछ दिनों पूर्व डीटीपी विभाग फतेहाबाद की टीम ने पहले भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की थी। उस दौरान सड़क के साथ बनाई गई दुकानों के चबूतरे आदि तोड़े गए थे, लेकिन इसके बाद भी कॉलोनी का विकास कार्य पूरी तरह नहीं रुका। कॉलोनाइजर ने फिर से मिट्टी की सड़क बनाकर प्लॉटों की बिक्री शुरू कर दी, जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में जिला नगर योजना विभाग की क्षेत्रीय निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि अवैध कॉलोनी में पहले न तो मिट्टी की सडक बनी थी और न ही पार्क की चारदीवारी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क के किनारे बने चबूतरे और अन्य अवैध निर्माण को तोड़ा था। अब दोबारा अवैध गतिविधियां सामने आने के बाद कॉलोनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना विभागीय अनुमति विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता से भी अपील की गई है कि वे प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*



फतेहाबाद। जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते एसपीजी जनसेवा ट्रस्ट के सदस्य।

# एसपीजी जनसेवा ट्रस्ट ने वितरित किए कंबल

हरिभूमि न्यूज:फतेहाबाद

■ जनसेवा अभियान का उद्देश्य सर्दी के मौसम में असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाना है

कड़ाके की ठंड के बीच एसपीजी जनसेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंद गरीब एवं बेसहारा लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस जनसेवा अभियान का उद्देश्य सर्दी के मौसम में असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाना है। शांति निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल ढिंगसरा के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि ठंड के कारण सडक़ किनारे, झुग्गी-झोपड़ियां और खुले स्थानों पर रहने वाले लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में कंबल वितरण एक मानवीय आवश्यकता है। इस पुनीत कार्य में एसपीजी जनसेवा ट्रस्ट के सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा, जिन्होंने सामग्री व संसाधन उपलब्ध कराकर सेवा में भागीदारी निभाई। कंबल मिलने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर राहत और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सहयोग का बेहतरीन उदाहरण बताया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने समाज के सक्षम लोगों से अपील की कि वे आगे आकर इस तरह के सेवा कार्यों में सहयोग करें, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर एसपीजी जनसेवा ट्रस्ट के सदस्य रणसिंह रेपस्वाल, मनोज गोदारा, मोहित रेपस्वाल मौजूद रहे।

# सूर्य नमस्कार से ही होगा योग युक्त नशा मुक्त भारत का निर्माण : अनिल

■ थाना भट्टूकलां में अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां



भट्टूकलां। पुलिस कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार करवाते आयुष योग सहायक अनिल कुमार।

हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयुष विभाग फतेहाबाद के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉक्टर भारती चौहान के निर्देशानुसार भट्टूकलां में सूर्य नमस्कार अभियान चलाया गया। 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से प्रारंभ होकर 12 फरवरी महर्षि दयानंद जी की जयंती तक तीन महापुरुषों को समर्पित 30 दिवसीय इस राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आज थाना भट्टू कलां में आयुष योग सहायक अनिल कुमार द्वारा सूर्य नमस्कार अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। थाना भट्टूकला के सभी कर्मचारी व अधिकारियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार योग अभ्यास में गहरी आध्यात्मिक जड़ें रखता है। यह पारंपरिक रूप से सूर्योदय के समय किया जाता है, जिसमें सूर्य को ऊर्जा और जीवन के स्त्रोत के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह अभ्यास शरीर, मन और आत्मा के बीच एक गहरा संबंध बनाता है, जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार का ध्यानात्मक पहलू आंतरिक शांति और संतुष्टि की भावना विकसित करने में मदद करता है।

### आमजन को किया जाएगा प्रेरित

इस अवसर पर एसएचओ थाना भट्टूकलां राधेश्याम, एडिशनल एसएचओ महावीर सिंह, मुंशी इंद्रपाल सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। पुलिस कर्मचारियों ने इस बात की प्रतिबद्धता भी जताई कि वे दैनिक जीवन में भी सूर्य नमस्कार व योगअभ्यास को शामिल करके स्वयं स्वस्थ होंगे व आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### बधाई लेने के बहाने महिला से चेन लेकर युवक फरार

**सिरसा।** जिला के गांव बनसुधार में बधाई लेने आए दो लोगों ने घर पर महिला को अकेली देख उसके गले से सोने की चेन तोडक़र फरार हो गए। महिला का आरोप है कि एक युवक मोटरसाइकिल चला रहा था और दूसरा किन्नर के रूप में उसके साथ बैठा था। पुलिस को दी शिकायत में बनसुधार निवासी महिला शकुंतला देवी ने बताया कि वह अपने घर पर थी। शाम करीब सवा तीन बजे वह घर पर काम कर रही थी। उसी समय एक किन्नर के रूप में लडक़ा व मोटरसाइकिल पर उसके साथ अन्य लडक़ा उसके घर आए और उससे बधाई मांगने लगे। इस पर महिला ने किन्नर-युवक से कहा, हमारे घर में ना तो कोई शादी है, तो ना ही कोई लडक़ा पैदा हुआ है, तो किस नाम की बधाई दूं। फिर भी उसने कहा, आपको 100 रुपए दे देती हूं। उसी समय उसके गले में पहनी सोने की तबीजी पर झपटा मारकर वे अपना बाइक लेकर फरार हो गए। महिला के बेटे आदित्य ने बताया कि एक युवक और उसके साथ किन्नर बना युवक दोनों गांव में दिनभर से बधाई ले रहे थे, वे दोनों उनके घर चले गए।

# कौशिक दंपति को मिला भारत श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान

■ डॉ. शील कौशिक ने हिंदी वैश्विक संवाद की भाषा विषय पर आलेख प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां




सिरसा। कौशिक दंपति को भारत–श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान प्रदान करते हुए।

**सिरसा।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय उच्चायुक्त कोलंबो तथा पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी, शिलांग द्वारा स्वामी विवेकानंद संस्कृतिक केंद्र कोलंबो में आयोजित लेखक मिलन शिविरमें पूर्व मलेरिया अधिकारी एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शील कौशिक एवं पूर्व उपनिदेशक पशुपालन विभाग एवं साहित्यकार डॉ. मेजर शक्तिराज को हिंदी साहित्य लेखन तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारत-श्रीलंका हिंदी गौरव सम्मान दिया गया। यह सम्मान विवेकानंद संस्कृतिक केंद्र के निदेशक प्रो. अंकुरण दत्ता, केलणिय विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नीता सुभाषिनी तथा प्रो. अतिला कोथलाविया द्वारा प्रदान किया गया।

### हिंदी वैश्विक संवाद की भाषा पर आलेख प्रस्तुत किया

इस अवसर पर डॉ. शील कौशिक ने हिंदीः वैश्विक संवाद की भाषा विषय पर आलेख प्रस्तुत किया और डॉ. मेजर शक्तिराज ने ओजस्वी काव्य-पाठ किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. शील कौशिक की लघुकथा, कहानी, आलोचना, बालसाहित्य, यात्रा वृत्तांत, लघु कविता, कविता, दोहा आदि में 66 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी से हिंदी साहित्य रत्न तथा श्रेष्ठ महिला रचनाकार सम्मान सहित वे 17 राज्यों की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं। उनके साहित्य पर पांच पीएचडी व छह एमफिल संपन्न हो चुकी है तथा इनके साहित्य पर पांच पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। इसी प्रकार डॉ. मेजर शक्तिराज ने हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी में कविता, आलेख, दोहा, गजल, बाल साहित्य, लघुकथा, हायकु-तांका आदि विधाओं में 23 पुस्तकों का सृजन किया है। हरियाणा ग्रंथ अकादमी पंचकूला तथा देश के 11 राज्यों की साहित्यिक संस्थाओं द्वारा वे सम्मानित हो चुके हैं। इनके लेखन पर दो एमफिल तथा एक पी एचडी संपन्न हो चुकी है।

### तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना..... भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु



**सिरसा।** श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से शुक्ल पक्ष की एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन-मैं आता रहूं तेरे दरबार सांवरे, आजा मेरे कन्हैया बिन माझी के डूबेगी मेरी नैया, तेरा ये श्रृंगार जिन हाथों ने सजाया है, साचो थारो दरबार मैं आया थारै द्वार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद पवन शर्मा ने भजन- मुझको है विश्वास सांवरा आएगा प्रस्तुत किया। बाद में हिसार से आए भजन गायक कृष्ण गाबा ने भजन- झूका के नजरे पड़ा हूं मेरे श्याम सरकार आ रहे हैं, दर्जी सीम दे निशान मैण खाटू जाणा सै, तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, हारे हारे हारे बाबा श्याम हारे के सहारे, प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, श्याम धणी को आयो रे बुलावो, भूला नहीं हूं बाबा मुझे याद है मैं क्या हूं सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। जिन पर श्याम भक्त झूमते रहे। रात को भजन संध्या के सामपन आरती की गई और बाबा को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### महिला सुरक्षा टीम ने बस अड्डा भुना व आईजी कॉलेज के आसपास बढ़ाई सुरक्षा

**फतेहाबाद।** महिला सुरक्षा टीम ने जिले में सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह ने किया। अभियान के दौरान बस अड्डा भुना और आई.जी. कॉलेज टोहाना के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की सक्रियता पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी पहचान और गतिविधियों की जांच की। इस कार्रवाई के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या अपराध की संभावना न रहे। साथ ही अभियान के दौरान आसपास के बच्चों को महिला विरूद्ध अपराधों और अन्य सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बच्चों को यह बताया गया कि किसी अजनबी के संपर्क में आने पर किस प्रकार सतर्क रहना चाहिए और आपात स्थिति में पुलिस से कैसे संपर्क किया जा सकता है। इस जागरूकता सत्र में बच्चों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और अपनी सुरक्षा के प्रति गंभीरता का परिचय दिया। महिला सुरक्षा टीम ने बताया कि हॉटस्पॉट क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने से न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है, बल्कि बच्चों और आम जनता में सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। अभियान के दौरान टीम ने यह सुनिश्चित किया कि सभी गतिविधियां शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न हों।

### टोहाना के गांव पिरथला में युवाओं को सूर्य नमस्कार के अभ्यास का दिया प्रशिक्षण



**टोहाना।** हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से प्रारंभ होकर 12 फरवरी 6 महर्षि दयानंद जी की जयंती तक तीन महापुरुषों को समर्पित, सूर्य नमस्कार महाअभियान चलाया जा रहा है। आयुष विभाग फतेहाबाद के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉ. क्टर भारती चौहान के निर्देशानुसार आयुष योग सहायक रवि कुमार ने टोहाना के गांव पिरथला में युवाओं को सूर्य नमस्कार के अभ्यास का प्रशिक्षण दिया। आयुष योग सहायक रवि ने कहा कि सूर्य नमस्कार को अक्सर सूक्ष्म व्यायाम और अन्य उन्नत आसनों और प्राणायामों के अभ्यास के बीच एक सेतु माना जाता है। यह किसी भी तरह की मानसिक अशांति को दूर करने में मदद करता है। मानसिक स्वास्थ्य में असंतुलन अक्सर हार्मोन में असंतुलन से जुड़ा होता है या इसकी ओर ले जाता है। इस तरह यह एक बीमारी या सिंड्रोम के रूप में प्रकट होता है जैसे मधुमेह, थायरॉयड रोग आदि। उन्होंने कहा कि आसनों के इस उत्कृष्ट समूह के नियमित अभ्यास से अंतःस्रावी ग्रंथियां टोन होती हैं और उनकी मालिश होती है। सूर्य नमस्कार मस्तिष्क केंद्रों और पूरे शरीर में चलने वाले संबंधित तंत्रिका तंतुओं को उत्तेजित करता है। इस बात पर जोर दिया जाता है कि आसनों के ये समूह शरीर में प्रत्येक शारीरिक प्रणाली को जो लाभ प्रदान करते हैं।

### परिवहन विभाग में अप्रेंटिस के लिए 19 से 28 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद महाप्रबंधक कार्यालय में औद्योगिक शिक्षुओं का एक वर्ष के लिए चयन किया जाना है, जिसमें पेंटर पद के लिए एक, कारपेंटर व अपहोलस्टर के लिए दो-दो, टायरमैन के लिए 4, विद्युतकार के लिए 10 तथा डिजल मैकेनिक के लिए 12 पद शामिल है। चयनित शिक्षुओं को प्रशिक्षण एवं भत्ता शिक्षुक अधिनियम 1961 के अंतर्गत देय होगा। हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद महाप्रबंधक महेंद्र सिंह ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर 19 जनवरी से 28 जनवरी तक कर सकते हैं। आवेदन के समय उम्मीदवार अपना फोटो, आधार कार्ड, आईटीआई विभाग द्वारा जारी की गई आईटीआई पास की मूल अंक तालिका, जाति प्रमाण-पत्र व आवासीय प्रमाण-पत्र भी अपलोड करें व उम्मीदवार अपनी ई-मेल आईडी सही लिखे। कोई भी आवेदन सीधे तौर पर कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त पदों को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन के समय उम्मीदवार पूर्ण प्रोफाइल भरेगा। उम्मीदवार हरियाणा का मूल निवासी हो। उम्मीदवार ने जिस ट्रेड से आईटीआई पास की है, केवल उसी ट्रेड में आवदेन करेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 जनवरी उपरान्त 2 फरवरी से 3 फरवरी तक कार्यालय में गठित कमेटी के सम्मुख अपनी प्रोफाइल मूल दस्तावेज व आईटीआई अंकों का मिलान करवाएगा।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी मण्डी डबवाली।**

**प्रतीक बनाम जनरल पब्लिक आदि।**

**नोटिस इश्तहार बनामः-**

**1.जनरल पब्लिक 2. लालचन्द पुत्र जैकल्याण पुत्र कलदू, निवासी गांव जुतांवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा। .......उत्तरवादीगण**

प्रार्थी ने एक दरखास्त वास्ते किये जाने गिरदावरी दुरूस्त भूमि बा तफर्सील खेवट नम्बर 73, खतौनी नम्बर 102, मुरब्बा नम्बर 75, किला नम्बर 6/2(5-13), 14(3-4), 15(8-0), मुरब्बा नम्बर 75. किला नम्बर 16 (8-0), 24(3-16), 25(8-0), किते 06, रकबा 36 कनाल 13 मरले, बरूये जमाबन्दी साल 2022-2023, वाका गांव जुतांवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा, बाबत फसल रबी 2024 ताहाल, का इस न्यायालय में दायर की है अगर इस बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 26-1-2026 को मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना दावा या उजर पेश कर सकता है अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी एतराज काबिले गौर ना होगा और अदालत हाजिर ना आने पर एक तरफा कार्यवाही करके केस की नियमानुसार सुनवाई कर दी जायेगी।

यह इश्तहार आज दिनांक 16-1-26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर सहित जारी किया गया।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर द्वितीय डबवाली।**




फतेहाबाद। निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि।

### युवा सप्ताह के तहत राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार के आदेशानुसार युवा सप्ताह के अंतर्गत राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धांगड से अशोक कुमार ने छात्रों को स्वामी विवेकानन्द के जीवन से विभिन्न प्रेरणादायक विचारों को साझा कर उन्हें प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, रोजगार संबंधी भी अनेक जानकारी दी। इसके उपरांत संस्थान में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा संतोष रानी व्यवसाय विद्युतकार ने प्रथम स्थान, छात्रा रीतू बाला व्यवसाय विद्युतकार ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा मोनिका रानी व्यवसाय वायरमैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता को 1100 रुपये, द्वितीयको 750 रुपये व तृतीय को 500 रुपये ईनाम राशि दी।

**एडवाइजरी** | बंद कमरों में कोयला जलाना खतरनाक, जा चुकी हैं कई जानें

# सर्दी में अंगीठी से बढ़ रहा खतरा, लापरवाही बन सकती है जानलेवा, सतर्क रहें लोग : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सर्दी के मौसम में तापमान गिरने के साथ ही अंगीठी, कोयला एवं अन्य हीटिंग साधनों के उपयोग से होने वाले हादसों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इसी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की ओर से आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरानी एडवाइजरी को फिर रिपीट किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि गत वर्ष प्रदेश में अंगीठी जलाने के दौरान दम घुटने की घटनाओं में कई लोगों की असमय मृत्यु हुई। पानीपत जिले में अंगीठी जलाकर सोने के कारण चार लोगों की दम घुटने से मृत्यु हुई, वहीं रोहतक जिले में इसी प्रकार की घटना में तीन विदेशी नागरिकों की जान चली गई। ये सभी घटनाएं इस बात का स्पष्ट उदाहरण हैं कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है। एसपी ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए बंद कमरों में अंगीठी या कोयला जलाकर सोना अत्यंत खतरनाक है। अंगीठी या कोयले के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड नामक जहरीली गैस निकलती है, जो रंगहीन एवं गंधहीन होती है। सोते समय व्यक्ति को इस गैस की मौजूदगी का अहसास नहीं होता और धीरे-धीरे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है, जिससे व्यक्ति बेहोश हो सकता है और समय पर सहायता न मिलने पर मृत्यु तक हो सकती है।



फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।

### बचाव के लिए क्या करें

उन्होंने बताया कि कार्बन मोनोऑक्साइड के प्रभाव से व्यक्ति को चक्कर आना, सिर दर्द, घबराहट, उल्टी, सांस लेने में तकलीफ तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। सर्दियों में हर वर्ष इस प्रकार के दुखद हादसे सामने आते हैं, जिन्हें केवल सतर्कता और जागरूकता अपनाकर पूरी तरह रोका जा सकता है। एसपी ने आमजन से अपील की कि कभी भी बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोएं। यदि किसी परिस्थिति में अंगीठी का उपयोग करना आवश्यक हो, तो कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था जरूर रखें, जैसे दरवाजा या खिडक़ी खुली रखें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के आसपास अंगीठी का प्रयोग विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे यथासंभव बचें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि गैस हीटर, ब्लोअर एवं रूम हीटर का उपयोग करते समय भी पूरी सावधानी बरती जाए और ऐसे उपकरणों को रातभर चालू छोडने से बचा जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में अंगीठी या हीटर के कारण चक्कर, सिर दर्द, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत उसे खुली हवा में ले जाएं और बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल या चिकित्सक से संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी 22 को

**फतेहाबाद।** हुडा सेक्टर स्थित सद्भावना मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी 22 जनवरी वीरवार को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। मणिपाल हॉस्पिटल्स के सहयोग से इस ओपीडी में डॉ. अंकुर मित्तल, कंसल्टेंट, किडनी रोग विशेषज्ञ, किडनी एवं यूरोलॉजी इंस्टीट्यूट, मणिपाल हॉस्पिटल्स मरीजों को परामर्श देंगे। ओपीडी में किडनी से संबंधित बीमारियों, किडनी फेल्योर, डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़ी समस्याओं एवं उच्च रक्तचाप से संबंधित जटिलताओं पर विशेष परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### डेरा सच्चा सौदा के शिविर में हृदय रोगियों की जांच

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी यानी हृदय रोगों से संबंधित मरीजों की विशेष जांच की गई। शिविर में आए मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं प्रदान की गई। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरी सलाह दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मरीजों ने ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच सहित अन्य हृदय संबंधी परीक्षण करवाए।

### कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 20 व 21 को

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सीआरएम योजना 2025-26 के तहत 20 व 21 जनवरी को व्यक्तिगत श्रेणी के अनुमोदित किसानों के कृषि यंत्रों का द्वितीय भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता विजय जैन ने बताया कि सुबह नौ बजे अनाज मंडी ओढां में, ओढां व डबवाली खंड के किसानों के कृषि यंत्रों / मशीनों का भौतिक सत्यापन होगा। अनाजमंडी श्री जीवन नगर में, रानियां व ऐलनाबाद खंड तथा नई अनाज मंडी सिरसा नजदीक नेजाडेला हाईवे में, नाथूसरी चौपटा, बड़ागुढा व सिरसा खंड के किसानों के कृषि यंत्रों / मशीनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

### महिला महाविद्यालय में आत्मरक्षा सेमिनार शुरू

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय आज छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण सेमिनार का शुभारंभ किया गया। यह सेमिनार हैंड टू हैंड फाइटिंग स्पोर्ट एंड वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के तत्वावधान में हो रहा है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए इस सेमिनार की पहल की गई। पहले दिन छात्राओं को हैंड टू हैंड फाइटिंग की व्यावहारिक और प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें। इस अवसर पर एसोसिएशन की अध्यक्ष अनीता सैनी ने कहा कि आज की छात्राएं कल का मजबूत समाज हैं। आत्मरक्षा उन्हें केवल सुरक्षित नहीं बनाती, बल्कि आत्मविश्वास और साहस भी देती है।

# नई कृषि व बीज नीति के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

## टोहाना में कानूनों की प्रतियां भी फूंकी, 12 को जोरदार प्रदर्शन की दी चेतावनी




**टोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करते और कुलां चौक पर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

हिसार रोड स्थित पक्का मोर्चा स्थल पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया। किसान नेता लाभ सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन नई कृषि नीति, नई बीज नीति 2025, नई शिक्षा नीति, परमाणु विधेयक, अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी, बिजली विधेयक, स्मार्ट मीटर और निजीकरण के विरोध में प्रतिरोध दिवस के रूप में किया गया। इस दौरान विभिन्न कानूनों की प्रतियां भी जलाई गई। प्रदर्शनकारियों ने घोषणा की कि आगामी 12 फरवरी को एक और जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। किसान नेता लाभ सिंह ने बताया कि भारत सरकार तीन कृषि कानूनों को रद्द करने के बाद अब नया बीज विधेयक लेकर आई है। इस विधेयक के तहत किसानों को अपने घर पर बीज उत्पादन करने का अधिकार नहीं होगा, बल्कि उन्हें कॉर्पोरेट द्वारा उत्पादित बीज ही खरीदना होगा। उन्होंने सरकार की गलत शिक्षा नीति का भी जिक्र किया, जिसके तहत माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द कर दी गई है। केंद्र सरकार नई भर्तियां करने के बजाय विभागों का निजीकरण कर रही है। लाभ सिंह ने यह भी बताया कि सरकार मनरेगा योजना को भी बंद करने का काम कर रही है। पहले मजदूर किसी भी पंचायत में काम मांग सकता था, लेकिन अब यह अधिकार समाप्त हो जाएगा। जगतार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए नए विधेयकों की प्रतियां और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया है। इस प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन नैन, भारतीय किसान यूनियन उग्रहा, अन्नदाता किसान यूनियन, रिटायर कर्मचारी संघ और मजदूर संघ जैसे कई संगठन शामिल थे। इस अवसर पर अन्नदाता किसान यूनियन से महासचिव उदय सिंह खारा, रमेश डांगरा, जगदीश सैनी, सतपाल, सज्जन, तरसेम औलख और कृष्ण सहित अन्य किसान नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान सभा ने जलाईं बिजली व बीज विधेयक की प्रतियां

**जाखल।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जिले के कुलां चौक में एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन हाल ही में बिजली व बीज विधेयक 2025 और मनरेगा कानून में किए गए बदलावों के विरोधस्वरूप किया गया। इससे आक्रोशित किसानों ने कुलां चौक में नारेबाजी करते हुए उक्त बिलों की प्रतियां भी जलाई और केंद्र सरकार से इन बिलों को वापस लेने की मांग की। आखिल भारतीय किसान सभा के तहसील सचिव केवल सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां किसान, मजदूर, दुकानदार व आम उपभोक्ता को सस्ती दरों पर मिलने वाली बिजली से उनको वंचित रखना है। सरकार का नियत बिजली को कारपोरेट घरानों को सौंपने, स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं को प्रीपेड बिल के माध्यम से आमजन को तंग करना है। उन्होंने कहा कि नए विधेयकों से बिजली बिल पर मिलने वाली सभी सब्सिडी खत्म कर दी जाएगी और बिजली आमजन की पहुंच से बाहर हो जाएगी। इसी तरह बीज बिल लागू होने से कृषि क्षेत्र में बीज बनाने वाले कारपोरेट घरानों का एकाधिकार स्थापित करके महंगे व प्रतिवर्ष नए बीज खरीदने से कृषि क्षेत्र तबाह करके उपजाऊ कृषि योग्य भूमि पर कब्जा करना है। उन्होंने कहा कि इन बिल के लागू होने से किसानों को मजबूरन बड़े घरानों की निजी कंपनियों के कीटनाशक और बीज महंगी दरों पर खरीदने पड़ेंगे। इस दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष अमर सिंह तलवाड़ा ने कहा कि मनरेगा कानून में किए बदलाव से इसे कमजोर या खत्म करने की आशंका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका प्रभावित होगी।



**सिरसा।** अनुबंधित कर्मचारी ज्ञापन सौंपते। फोटो : हरिभूमि

## हैफेड में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ स्टेडियम से लघु सचिवालय तक किया पैदल मार्च

हैफेड विभाग में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों को नौकरी सुरक्षा अधिनियम-2024 में समायोजित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन कर तहसीलदार को मांग पत्र सौंपा। कर्मचारी शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों कमल, सुभाष, मांगेराम, रमेश, राकेश, सुमित, बक्शीश, अनिल, सतीश, विकास, पवन, मनोहर, चंद्रमोहन, देवीलाल ने बताया कि जिला के हैफेड विभाग में लंबे समय से कार्यरत करीब 250 अनुबंधित कर्मचारियों, जिन्होंने पांच या इससे अधिक वर्ष की सेवा पूरी कर ली है और सरकार द्वारा प्रदत्त नौकरी सुरक्षा अधिनियम अगस्त-2024 की सभी शर्तें पूरी कर रहे हैं, उन्हें नौकरी सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अगस्त 2024 में घोषणा की गई थी कि सरकार के सत्ता में आते ही 1.20 लाख एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करेगी, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार नई-नई शर्तें लागू कर रही है, जिससे नियमितकरण की राह में बाधा आ रही है। हालांकि बीती एक जनवरी से नौकरी सुरक्षा अधिनियम लागू करने बारे पोर्टल खोल दिया गया है और हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों में कर्मचारियों को समायोजित किया जा रहा है, लेकिन हैफेड विभाग को इसमें शामिल नहीं किया है, जबकि सरकार की घोषणा के अनुसार सभी एचकेआरएन के कर्मचारी इसके योग्य हैं। कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द सरकार की ओर से कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होंगे और उसके बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया तो कर्मचारियों को मजबूरन कोर्ट का सहारा लेना पड़ेगा।



**फतेहाबाद।** बैठक में तैयारियों को लेकर चर्चा करते बीजेपी पदाधिकारी।

## जी राम जी को लेकर जन जागरण कार्यशाला 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ने ली बैठक

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी जन जागरण अभियान को लेकर 18 जनवरी को बीजेपी जिला कार्यालय में कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बीजेपी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने जिला पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, एससी आयोग के चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल सिहाग, टोहाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन जंगजीत हुड्डा, मन की बात कार्यक्रम प्रमुख विक्रम शर्मा, जिला कार्यालय सचिव शम्मी ढींगड़ा, रमेश जोईया व मनजीत शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि 18 जनवरी को आयोजित सम्मेलन एवं कार्यशाला में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे तथा सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी मिशन की सटीक जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि उक्त मिशन को लेकर विपक्षियों द्वारा आमजन में भ्रान्तियां फैलाई जा रही है, जबकि मजदूर वर्ग के उत्थान और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाजपा सरकार ने इस नए मिशन को धरातल पर लाने का काम किया है। विपक्षियों द्वारा फैलाये जा रहे झूठ पर विराम लगाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अब जन जागरण अभियान चलाएंगे। जिसको लेकर यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

### विश्व पुस्तक मेले में सम्मानित हुए पुलिस लाइन के लाइब्रेरियन

**फतेहाबाद।** विश्व पुस्तक मेला 2026 में फतेहाबाद पुलिस लाइन स्थित सरदार पटेल ई-पुस्तकालय के लाइब्रेरियन कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार सहित हरियाणा पुलिस के लाइब्रेरियन को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस सम्मान को विभाग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पुलिस बल के बौद्धिक और शैक्षणिक प्रयासों को दर्शाता है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके निर्देशानुसार कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले का भ्रमण किया, जहां हरियाणा की विभिन्न पुलिस लाइब्रेरियों से जुड़े लाइब्रेरियन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने लाइब्रेरियन व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अध्ययन और निरंतर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला।

## टोहाना ने भूना को हराकर अंडर 15 क्रिकेट प्रतियोगिता जीती, शौर्य रहे मैन ऑफ द मैच

■ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने करवाई टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए गए अंडर 15 टूर्नामेंट का फाइनल मैच टोहाना जोन व भूना जोन के बीच एमएम कॉलेज के खेल मैदान में खेला गया। इस फाइनल मैच को टोहाना जोन ने भूना जोन को 8 विकेट से पराजित कर यह प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। मैच में टॉस जीतकर टोहाना ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया, जिसके तहत भूना जोन ने पहले बैटिंग करते हुए 30 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाएं। भूना की तरफ से अंश ने 44 व खुशहाल गिल ने भी 44 रन बनाए, वहीं रितिक से 34 रन बनाए, टोहाना की तरफ से बोलिंग करते हुए राहुल बिश्नोई ने 36 रन देकर चार विकेट लिए। इसके जवाब में बैटिंग करने उतरी टोहाना की टीम ने 28.3 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर,8 विकेट से यह मैच जीत लिया। टोहाना की तरफ से कमल नायक ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 83 गेंद पर 115 रन वह शौर्य ने 69 गेंद पर नाट आउट रहते हुए 93 रन बनाए। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नरेश कुलडिय़ा, प्रतीक सिहाग, कुलजीत सिंह, राजेंद्र कुमार, कुलविंदर सिंह, दीप सिंह, रोहित डाबल, सुखपाल वर्मा, मेवा सिंह, विजय मिढा, सुरेंद्र कंबोज, अनूप कसवां, अनिल सोनी, इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे।

### पुरस्कार वितरित

फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच टोहाना की टीम के शौर्य को दिया गया व मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड कमल नायक को दिया गया। मैच के समापन पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गौरी शंकर साहू व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर अजय भारती गोपा ने शिरकत करते हुए विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए।



**फतेहाबाद।** मेहूवाला स्थित शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अतिथियों का स्वागत करते स्कूल स्टाफ व एसएमसी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## शहीद नरेंद्र सिंह स्कूल में एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ छठे दिन स्वयंसेवकों को बताया रक्तदान का महत्व

■ रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा : गोपाल बंसल

गांव मेहूवाला स्थित शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्तदान के महत्व और नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक संस्था 'खुशी नई उम्मीद' के संयोजक एवं रक्तदान मोटीवेटर गोपाल बंसल ने भाग लिया। एनएसएस स्वयंसेवकों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए गोपाल बंसल ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए युवाओं को भविष्य में नियमित रक्तदाता बनने की शपथ दिलाई। नशे की बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए गोपाल बंसल ने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। युवाओं को अपनी ऊर्जा खेल, शिक्षा और समाज सेवा में लगानी चाहिए ताकि एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके।




**फतेहाबाद।** कंबल वितरित करते संत सुखदेवानंद महाराज।

### श्री योग दरबार शांत सरोवर आश्रम ने बांटे कंबल

**फतेहाबाद।** परमहंस श्री योग दरबार शांत सरोवर आश्रम टोहाना की ओर से फतेहाबाद में गरीब व जरूरतमंद लोगों को सर्दियों के मौसम को देखते हुए कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कंबल वितरण के साथ प्रसाद भी दिया गया। कंबल वितरण समारोह का आयोजन संत सुखदेवानंद महाराज के सानिध्य में किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था सदस्य पवन रूखाया ने बताया कि पिछले कई वर्षों से परमहंस श्री योग दरबार की ओर से सर्दियों में इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। परमहंस श्री योग दरबार के धर्म प्रमुख और संचालक ट्रस्ट श्री संत सुखदेवा नंद महाराज ने बताया कि सर्दियों के अंदर माघ महीने में जो इस प्रकार के आयोजन या दान पुन करता है, उसे धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती। हमें अपने सामथ्र्य अनुसार जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर कुटिया शांत सरोवर के सभी सदस्य और काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**आयोजन** टैगोर लेक्चर थिएटर में नेक व अन्य रैंकिंग विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

# निरंतर सुधार की भावना को मजबूत करती है नेक मूल्यांकन प्रक्रिया: डॉ. चक्रवर्ती

उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा नेक एवं अन्य रैंकिंग विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को टैगोर लेक्चर थिएटर में किया गया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के पूर्व डीन अकादमिक डॉ. एसके चक्रवर्ती ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नेक एवं अन्य रैंकिंग प्रणाली उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम हैं। इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षण, शोध और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाती हैं तथा संस्थान को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करती हैं।



**सिरसा।** कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि कोई भी संस्थान पूर्ण नहीं होता, प्रत्येक संस्थान एक सतत शिक्षार्थी होता है। नेक मूल्यांकन प्रक्रिया इसी निरंतर सुधार की भावना को मजबूत करती है। डॉ. चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि नेक की स्थापना 16 सितंबर 1994 को हुई थी, जबकि एनआईआरएफ पिछले लगभग 7 वर्षों से उच्च शिक्षा संस्थानों के मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नेक रिफॉर्म्स-2024, बाइनरी एक्रिडिटेशन प्रणाली तथा डॉक्यूमेंटेशन में तथ्यात्मक सटीकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के दौरान संस्थान का पैनोरमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना अत्यंत आवश्यक है, जिसमें एजेंडा, मीटिंग के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट जैसे दस्तावेजों की अहम भूमिका होती है। नेक के सात मानदंडों को बढ़ाकर अब दस कर दिया गया है।

### नवाचार के लिए भी करती है प्रेरित

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि नेक एवं अन्य रैंकिंग केवल मूल्यांकन की प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि ये संस्थानों को निरंतर आत्ममंथन, गुणवत्ता सुधार और नवाचार के लिए प्रेरित करती हैं। गुणवत्ता उत्कृष्टता के लक्ष्य तभी प्राप्त किए जा सकते हैं जब विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी सामूहिक रूप से सहभागी बनें। उन्होंने आईक्यूएसी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में हुई नेक विजिट के पश्चात अब अगली विजिट वर्ष 2027 में प्रस्तावित है, जिसके लिए अभी से ठोस एवं व्यवस्थित तैयारी आवश्यक है। कार्यशाला में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, डीन अकादमिक प्रोफेसर सुशील कुमार, यूएसजीएस के डीन प्रोफेसर काशिफ, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजकुमार सलार, प्रोफेसर जोगिंदर दुहन, प्रोफेसर पंकज शर्मा सहित सभी विभागाध्यक्ष (यूटीडी), निदेशक, समन्वयक, नोडल अधिकारी, शाखा प्रमुख एवं आईक्यूएसी के सदस्य उपस्थित रहे।



**टोहाना।** साध्वी लिछमा को नमन करते श्रावक।

### तेरापंथ स्मृति स्थल पर ओम भिक्षु जय तुलसी का जाप

**टोहाना।** भूना रोड पर साध्वी लिछमा की पुण्यतिथि पर तेरापंथ स्मृति स्थल पर ओम भिक्षु जय तुलसी का जाप रखा गया। शुभम जैन ने बताया कि 27 साल पहले 15 जनवरी को साध्वी लिछमा को देवलोक हो गया था। इस उपलक्ष में यह जाप रखा जिसमें तेरापंथ धर्मसंघ के सभी श्रावक श्राविकाओं ने जप तप के माध्यम से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने बताया कि तेरापंथ धर्मसंघ के सभी श्रावक श्राविकाओं ने साध्वी लिछमा के प्रति जप तप के माध्यम से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। ओम भिक्षु जय भिक्षु की ध्वनि से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। तेरापंथ धर्मसंघ से सुशील जैन ने बताया कि 15 जनवरी 1999 विक्रम संवत 2055 का दिन आचार्य महाप्रज्ञ का मर्यादा महोत्सव का दिन टोहाना के इतिहास के साथ साथ पूरे हरियाणा में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया। जब साध्वी लिछमा का जो देवलोक गमन हुआ। इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष संजय जैन के साथ तेरापंथ धर्मसंघ टोहाना के भाई बहन मौजूद रहे व बाद प्रसाद भी वितरित किया गया।